श्रीमद्भागवत कथा व नानी बाई मायरा सम्पन्न

बीकानेर। मौसूण परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत कथा एवं नानी बाई मायरा आयोजन की पूर्णाहुति महोत्सव के रूप में हुई। श्रीमद्भागवत कथा का वाचन करते हुए महामंडलेश्वर श्री बजरंगदास महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा आयोजन केवल कथा सुनने-सुनाने का प्रकल्प नहीं बल्कि आप सबको अध्यात्म की यात्रा करवाने का माध्यम है, श्रीकृष्ण का सान्निध्य पाने का अवसर है। कथा को सुनो और उसे अपने चरित में प्रवाह करो। आचार्य बजरंगदास महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा हमें संस्कारों की सीख देती है। माता-पिता का आदर करें, अपने सास-ससुर की माता-पिता के समान सेवा करें। गुरु आज्ञा का पालन करें और घर आए अतिथि का सम्मान अवश्य करें। माफ करना सीखें और शांत रहना सीखें। श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह, श्रीकृष्ण लीलाओं के साथ श्रीमद्भागवत ग्रंथ की आरती, हवन-प्रसादी के साथ कथा की पूर्णाहुति की गई। मोहनलाल-दुर्गा सोनी एवं महावीर सोनी ने श्रीमद्भागवत ग्रंथ को शिरोधार्य करते हुए शोभायात्रा ठाकुरजी मंदिर पहुंची। श्रीमद्भागवत कथा के साथ ही आरती रांकावत बेरासर द्वारा तीन दिवसीय नानी बाई मायरा कथा का वाचन किया। तृतीय व अंतिम दिवस की कथा के दिन मौसूण परिवार ने गाजे-बाजे के साथ मायरा भरा तथा खाटूश्याम कीत्रन का आयोजन किया गया। आयोजक परिवार के महावीर मौसूण ने बताया कि कथा पूर्णाहुति अवसर पर भाजपा शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़, विधायक सिद्धि कुमारी, विधायक जेठानन्द व्यास का आतिथ्य रहा।

भागीदारी आव्हान

बीकानेर, । शिक्षा सचिव तथा प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने 16 से 18 जनवरी तक होने वाले बीकानेर चिल्ड्रन फेस्टिवल 'आजू गुजा 2.0' में अधिक से अधिक बच्चों की भागीदारी का किया है। कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में 'प्ले बेस्ड एजुकेशन' और 'जॉय फुल लर्निंग' घटक हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की आर से इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में शील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या:** एस.एंड टी-बी. के.एन/25-26/34 **कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर मंडल पर रोहतक-भिवानी खंड में विभिन्न ह्यूम पाइप क्रॉसिंग के स्थान पर RCC box size 1m x 1.2m (69 नं पुल) के प्रावधान के लिए S&T संबद्ध से जुड़ा कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य:** रु.1,53,63,887.68 **बिड सिक्यिरिटि राशि (रुपये में):** रु. 226800.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 05.02.2026 को 15.00 बजे तक **वेब साइट जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।:** www.ireps.gov.in

98-AJ/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सख्या 274-25-26 मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 04.02.2026 को 15.00 बजें तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **निविदा संख्या:** 274 **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर, सादुलपुर के अधीन सतनाली स्टेशन पर ट्रेक्शन सब स्टेशन (टीएसएस) के निर्माण के संबंध में सिविल इंजीनियरिंग कार्य करना। **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 9368854.89 **धरोहर राशि:** Rs. 187400.00 **निविदा संख्या:** 275 **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर, सूरतगढ़ के क्षेत्राधिकार में बिरधववाल स्टेशन पर समपार सं. 106 पर एक नये गेट लॉज का प्रावधान करना। **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 844729.90 **धरोहर राशि:** Rs. 16900.00 **नोट:-** अन्य शर्ते रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। पत्रांक- 128-W/WA/Civil Work/TSS/STNL/2026 दिनांक:- 13.01.2026

95-AJ/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

मेडिकल स्टोर्स के लिए कॉमर्शियल भूखंड की अनिवार्यता से संकट में दवा विक्रेता

■ अधिकांश मेडिकल स्टोर्स किराए की दुकानों में चल रहे

बीकानेर, मेडिकल स्टोर्स के लिए नए लाइसेंस और स्थान परिवर्तन में कॉमर्शियल भूखंड की अनिवार्यता के नए नियमों को लेकर दवा विक्रेताओं के समक्ष बड़ा संकट खड़ा हो गया है। क्योंकि अधिकांश आवासीय क्षेत्रों में किराए के भवनों में चल रहे हैं।

दरअसल औषधि नियंत्रण विभाग ने मेडिकल स्टोर खोलने को लेकर नए नियमों की गाइड लाइन जारी की है। अब रिटेल या होलसेल की दुकान खोलने वाले फार्मासिस्ट को लाइसेंस लेने के लिए दुकान का कॉमशिय्ल नक्शा बनवाना होगा। कोई किराए की दुकान में मेडिकल स्टोर खोलना चाहता है, तो उसे किरायानामा रजिस्टर्ड करवाना होगा। कॉमशिय्ल नक्शे की स्वीकृति व रजिस्ट्रेशन के बिना दुकान संचालित नहीं होगी।

अब तक महज नोटरी से रजिस्टर्ड करवाकर मेडिकल स्टोर का लाइसेंस लिया जा रहा था। इस नई गाइड लाइन का विरोध तेज हो गया है। बीकानेर जिला दवा विक्रेता संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कॉमशिय्ल भूखंड की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष जगदीश चौधरी और सह सचिव नीरज तिवाड़ी का कहना है कि इस नई बाध्यता के कारण दवा व्यवसाइयों को गंभीर अव्यवहारिक एवं आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की निशुल्क दवा योजनाओं में समय पर भुगतान नहीं मिलने से दवा विक्रेता पहले से ही दबाव में हैं। नया नियम अनावश्यक बोझ है।

उधर, मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना के तहत अब सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बाहर की दवाएं लिखने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय ने इस संबंध में सभी सीएमएचओ को निर्देश जारी किए हैं। निदेशालय ने स्पष्ट किया है यदि कोई दवा अस्पताल में उपलब्ध नहीं होती है, तो उसे स्थानीय खरीद (लोकल परचेज) के माध्यम से भी निशुल्क उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इसके बावजूद यदि कोई चिकित्सक आवश्यक दवा सूची के अलावा बाहर की लिखता पाया गया, तो उसके विरुद्ध राजस्थान सेवा नियम 1958 के नियम 17 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। विभाग ने सभी सीएमएचओ को अपने अधीनस्थ अस्पतालों में इन निर्देशों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।

औषधि नियंत्रण विभाग की नई गाइड लाइन प्रदेश के करीब 46700 मेडिकल स्टोर पर भारी पड़ रही है। इस नियम का सीधा असर 35 हजार मेडिकल स्टोर्स पर होगा। ये सभी बंद हो जाएंगे। इनमें बीकानेर के भी करीब तीन हजार मेडिकल स्टोर शामिल हैं। इनमें लगभग सभी किराए के भवनों में चल रहे हैं। अकेले पीबीएम हॉस्पिटल के आस-पास के क्षेत्र में करीब एक हजार मेडिकल स्टोर चल रहे हैं। डॉक्टरों के घरों पर भी मेडिकल स्टोर खुले हुए हैं। सबसे खराब स्थिति गांवों की है, जहां भूखंड के पट्टे ही नहीं है। भवन मालिक किराएदार के लिए कॉमशिय्ल का खर्च वहन नहीं करेंगे। क्योंकि काफी दुकानें ऐसी हैं।

विकास कार्यो की जानी प्रगति

बीकानेर, । शिक्षा सचिव तथा जिला प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने गुरुवार को बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन सहित विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक ली। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने बजट घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की तथा उनकी प्रगति जानी। उन्होंने कहा कि घोषणाओं में राज्य स्तर पर आवश्यक समन्वय की आवश्यकता तथा इस संबंध में विभागों द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। प्रत्येक विभाग के वरिष्ठतम अधिकारी को इनकी मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसी कार्य में अतिरिक्त बजट की आवश्यकता है, तो उसकी जानकारी भी दी जाए। प्रभारी सचिव ने विभिन्न प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कोटगेट और सांखला रेलवे फाटकों की समस्या के समाधान के लिए अब तक की गई कार्यवाही के बारे में जाना। शहरी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, सड़क सुदृढ़ीकरण से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। रोड लाइटों की व्यवस्था प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने कहा कि नगर निगम और बीकानेर विकास प्राधिकरण आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। कृष्ण कुणाल ने कहा कि जिले के सभी 17 पीएमश्री विद्यालय तथा 714 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों का सघन निरीक्षण करवाया जाए। इनमें पानी, बिजली, शेड, चारदीवारी सहित आधारभूत सुविधाओं का आकलन करें तथा यदि आधारभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है।

नई कार्यकारिणी की घोषणा

बीकानेर। भारतीय भवन निर्माण मज़दूर संघ (सम्बन्ध भारतीय मज़दूर संघ) की जिला इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन आज औपचारिक रूप से घोषित किया गया।जिलाध्यक्ष अनुप प्रजापत की अध्यक्षता एवं प्रदेश महामंत्री हरिशंकर शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ सम्मेलन में संगठनात्मक जरूरतों एवं आगामी सत्र के कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए कार्यकारिणी में बदलाव करने का निणय्र लिया गया था। संघ की नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी में अध्यक्ष नत्थूराम सांखला, कार्यकारी अध्यक्ष राजुकुमार प्रजापत,वरिष्ठ उपाध्यक्ष धुड़ाराम सांखला,उपाध्यक्ष मदन प्रजापत, उपाध्यक्ष हरिश सुधार, उपाध्यक्ष गिरिराज रतन किराडू, मंत्री महावीर प्रजापत,महामंत्री कन्हैयालाल सोलंकी, संगठन मंत्री चाँद रतन गहलोत, मंत्री कैलाश सुधार, मंत्री गणेश सांखला, मंत्री श्री श्रीराम प्रजापत, मंत्री झंवर लाल सांखला, कोषाध्यक्ष नन्द किशोर गहलोत, संगठन मंत्री शिव कुमार पंवार, कार्यालय मंत्री भैरूलाल सोलंकी तथा कार्यकारिणी सदस्य मनोज गहलोत। प्रदेश पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए भवन निर्माण श्रमिकों के हित में संगठन के दायरे का विस्तार करने, श्रमिकों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने तथा क्षेत्र में सुरक्षा और कार्यस्थल सुविधाओं को प्राथमिकता देने पर बल दिया।

सार-समाचार

बिजली के पोल टूटकर गिरे

श्रीगंगानगर । सेतिया कॉलोनी में देर रात को एक बेकाबू कार ने बिजली के पोल को टक्कर मार दी। इसके बाद सड़क पर खड़ी दो गाडि़यों से भिड़ गई और बाद में पोल से टकरा कर बंद हो गई। हादसे में 2 बिजली के पोल टूटकर गिर गए, जबकि 3 कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। गनीमत रही कि हादसा रात को हुआ, वरना कोई बड़ी घटना को सकती थी। हादसा रात के करीब 2:30 बजे बसंती चौक से सेतिया कॉलोनी की ओर जाने वाली मेन सड़क पर हुआ। पुलिस के अनुसार- 21 साल का युवक कार चला रहा था। उसके साथ दो अन्य युवक भी सवार थे। युवक कार को गैराज में खड़ा करने के लिए निकला था। इसी दौरान युवक ने मेन रोड पर ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन ब्रेक फेल हो गए इसके बाद कार की स्पीड बढ़ गई और अनियंत्रित कार पहले एक बिजली के खंभे से टकराई, फिर सड़क किनारे पार्क की गई एक कार में जा घुसी। इतना ही नहीं, आगे चलकर उसने एक और खंभे को भी टक्कर मार दी। सेतिया कॉलोनी चौकी प्रभारी रामेश्वरलाल ने बताया- हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। गनीमत रही कि इस भीषण हादसे में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ। हालांकि, टूटे खंभों के कारण इलाके में बिजली आपूर्ति पूरी बाधित रही। सुबह होते ही टूटे पोल देखकर इलाके में लोगों की भीड़ जमा हो गई। विद्युत निगम की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और पोल की मरम्मत का काम शुरू कर दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारण इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा।

हिन्दू सम्मेलन को लेकर बैठक

बीकानेर, महानगर में हिन्दू सम्मेलन के आयोजन को लेकर बैठकों क्रम जारी है इसी क्रम में बजरंग नगर की भूतनाथ बस्ती में बैठक आहूत की गयी । बैठक मान दुर्गा शंकर हर्ष, लक्ष्मीनारायण व रामकिशन जी सुथार के सानिध्य में सम्पन्न हुई है। भूतनाथ बस्ती में हिन्दू सम्मेलन 25 जनवरी को दोपहर 11:00 बजे नीलकंठ महादेव मंदिर पार्क, मुरलीधर व्यास नगर में होना तय हुआ है। हिन्दू सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए नृसिंह दास भाटी को संयोजक और हनुमान दास , ओम रामावत व भरत कुमार ठोलिया को सह-संयोजक का दायित्व दिया गया है। हिन्दू सम्मेलन में संत अनंत विभूषित राष्ट्रसंत सुविज्ञ् युगऋषि श्रीविद्या ज्योतिर्विद् परम् पूज्य दाता रामेश्वरानंद महाराजश्रीङ अधिष्ठाता पीठाधीश्वर ब्रह्म गायत्री सेवाश्रम,तपोभूमि: सागर(बीकानेर) तथा संत योगी ओमनाथ महाराज, केदारनाथ गुफा का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। यह भी निणय्र किया गया कि बस्ती के सभी निवासियों से संपर्क कर,घरों में जाकर के निमंत्रण पत्र दिये जायेगे व प्रभात फेरी का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम से सम्बंधित अन्य दायित्व शिवकुमार व्यास , बृजमोहन सारस्वत, संजय सिंह ,शिवकुमार , कमलप्रवीण ठाकुर, मुकेश ओझा, सुधा आचार्य, बद्रीरंगा, नवरतन , बस्ती राम व रामशंकर व विमल चौहान को दिए गए।

लूणकरनसर में दो मंदिरों में चोरी

बीकानेर, जिले के लूणकरनसर में एक ही रात में दो मंदिर में चोरी की घटनाएं हुई। वार्ड 36 में स्थित ब्रह्माणी माता मंदिर और वार्ड 31 में स्थित सती दादी मंदिर में चोरों ने लाखों रुपए के सामान की चोरी की है। खास बात ये है कि चोरी की इस घटना से कुछ घंटे पहले खुद एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने लूणकरनसर में पुलिसकमिय्रों की मीटिंग लेकर व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के आदेश दिए थे। जिसकी पोल कुछ ही घंटे में खुल गई। कस्बे के वार्ड संख्या 36 स्थित ब्रह्माणी माता मंदिर में बीती रात चोरों ने सेंधमारी कर चांदी के छत्र सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। मंदिर के पुजारी नौरतन नाई ने बताया कि अज्ञात चोर दीवार फांदकर मंदिर परिसर में घुसे और निज मंदिर का ताला तोड़ दिया। इसके बाद मूर्ति के ऊपर लगा चांदी का छत्र, गिलास,चांदी का मुकुट,चांदी का प्याला सहित अन्य सामग्री चुराकर ले गए। चोरी गई चांदी का वजन करीब 500 ग्राम बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं तथा अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। उधर, वार्ड 31 में स्थित सती दादी मंदिर से भी लगभग 2 लाख रुपए की चांदी के मुकुट, छत्र आदि सामान चोरी की रिपोर्ट पुलिस को दी गई है।

'मां के बिना महात्मा बनना व परमात्मा से मिलना असंभव'

■ आचार्यश्री विजय नित्यानंद सूरीश्वरजी के सान्निध्य में गुरुवार को गुरु वल्लभ भवन का भूमि पूजन हुआ

बीकानेर, । जैन श्वेताम्बर तपागच्छ के गच्छाधिपति, पदमश्री से सम्मानित आचार्यश्री विजय नित्यानंद सूरीश्वरजी के सान्निध्य में गुरुवार को गुरु वल्लभ भवन का भूमि पूजन, स्वतंत्रता सेनानी रावतमल कोचर मार्ग का लोकार्पण, मां को समर्पित मातृवंदना का भावावाही संगीतमय कार्यक्रम हुआ।

गंगाशहर मार्ग पर स्थित पार्श्वचन्द्र सूरीश्वरजी की दादाबाड़ी परिसर के भगवान आदिनाथ भवन परिसर में मां को समर्पित मातृवंदना कार्यक्रम सुरेन्द्र बद्धाणी जैन के संयोजक हुआ जिसमें माउंट आबू की भावना आचार्य भगवान महावीर, माता पिता भक्ति के प्रेरणादायक प्रसंग व भजन तथा प्रेरक संदेशों के माध्यम से श्रावक-श्राविकाओं को भाव विभोर कर दिया।

गच्छाधिपति आचार्य विजय नित्यानंद सूरीश्वरजी ने कहा कि मां के बिना महात्मा बनना व परमात्मा से मिलना असंभव है। माता-पिता की सेवा ही सच्ची आत्म परमात्म भक्ति है। माता-पिता के आशीर्वाद से ही देव, गुरु व धर्म की सच्ची साधना-आराधना व भक्ति संभव है। मुनि मुक्तानंद विजय ने कहा कि माता-पिता ही औलाद के सच्च हितचिंतक, सहयोगी व पालनहार होते है। माता-पिता का हमें सेवा करते हुए उन्हें सदा प्रसन्न रखने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में माउंट आबू की भावना आचार्य ने ''वीर महावीर, गुरु महावीर'' भक्ति गीत से भगवान महावीर की स्तुति वंदना के भजन से कार्यक्रम का आगज किया। उन्होंने फिल्मी, गैर फिल्मी मातृ-पितृ भक्ति के गीत सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। उनके गीतों में प्रस्तुति शेर भी मार्मिक व दिल को छूने वाले थे। कार्यकम में पूर्व मंत्री डॉ.बुलाकी दास कल्ला सहित जैन अजैन समाज के गणमान्य नागरिक व बड़ी संख्या में श्राविकाएं मौजूद थी।

शहर की कानून व्यवस्था बिगड़ी

श्रीगंगानगर, भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) की ओर से अनेक मांगों को लेकर एसपी ऑफिस के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की और 'जिला पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद' के नारे लगाते हुए प्रशासन पर मिलीभगत के आरोप लगाए।

सीटू के पदाधिकारियों संबोधित करते हुए कहा- श्रीगंगानगर शहर में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। आए दिन चोरी और छीना-झपटी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे शहरवासियों में भय का माहौल बना हुआ है। महिलाओं और बुजुर्गों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

साथ ही जिलेभर में अवैध शराब और पर्ची सट्टे का धंधा पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से खुलेआम चल रहा है, जिसके चलते अपराधों में लगातार इजाफा हो रहा है। ट्रैफिक व्यवस्था भी बदहाल है। मुख्य मार्गों समेत शहर की लगभग सभी जगहों पर अवैध कब्जे और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे आम लोगों को भारी परेशानी होती है और अक्सर लड़ाई-झगड़े भी हो जाते हैं। प्रदर्शन में सीटू से जुड़े संगठनों ने भी अपनी शिकायतें रखीं।

मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की समीक्षा

बीकानेर, । मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के रोल ऑब्जर्वर कृष्ण कुणाल ने गुरुवार को एसआईआर गतिविधियों की समीक्षा की।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित मतदाता सूचियां तैयार हों, इसके मद्देनजर इस कार्य से जुड़ा प्रत्येक कार्मिक पूर्ण गंभीरता से कार्य करे। उन्होंने दावे और आपत्तियां प्राप्त करने के अंतिम दिन गुरुवार के बाद इनके निस्तारण का कार्य किया जाए। इसके लिए संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अक्षरश: पालना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं हो।

कृष्ण कुणाल ने कहा कि दावे-आपत्ति निस्तारण का कार्य 7 फरवरी तक किया जाएगा।

इसके बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 14 फरवरी को होगा। समय-समय पर इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने जिले में नवसृजित मतदान केन्द्रों तथा इनमें बीएलओ नियुक्ति की स्थिति जानी। उन्होंने कहा कि संबंधित ईआरओ यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नाम जुड़ने से वंचित नहीं रहे। नाम जोड़ने और हटाने के संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पूरी प्रक्रिया अपनाई जाए।

रोल ऑब्जर्वर ने विधानसभावार समीक्षा की और फार्म 6, 6ए, 7 और 8 के निस्तारण की स्थिति जानी। उन्होंने कहा कि संबंधित ईआरओ पूरी प्रक्रिया की गंभीरतापूर्वक मॉनिटरिंग करें।

शिक्षा सचिव ने दूसरे दिन अधिकारियों की बैठक ली

बीकानेर, । शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की और राज्य सरकार के निर्देशों की अक्षरश: पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कृष्ण कुणाल ने कहा कि विभिन्न पदौन्नतियों से जुड़ी आवश्यक तैयारियां कर ली जाएं। संपर्क पोर्टल पर दर्ज और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा इनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण बेवजह लंबित नहीं रहे। उन्होंने शाला सम्बलन एवं इसके तहत प्रभावी प्रबोधन सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। शिक्षा सचिव ने कहा कि पहली बार 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ किया जा रहा है। इससे जुड़ी सभी तैयारियां कर ली जाएं। उन्होंने कॅरियर काउंसलिंग तथा गैर शैक्षणिक कार्यों के लिए जारी परिपत्रों एवं इनकी अनुपालना के संबंध में जाना। महात्मा गांधी और विवेकानंद विद्यालय की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। विभागीय पत्रावलियों को समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश दिए। स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं के विकास, जर्जर भवनों की स्थिति तथा इन्हें शिफ्ट करने की प्रगति, छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति आदि की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी अनुभाग अधिकारी अपने अनुभाग के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें।

डिप्रेशन से युवक ने जान दी

बीकानेर। भेड़ चोरी के चोरी के इल्जाम से डिप्रेशन में आकर युवक ने टांके में कूदकर जान दे दी। अपनी जान देने से पहले युवक ने अपने परिजनों को कॉल किया था। युवक ने कॉल पर परिजनों से कहा- गांव के लोगों के झूठे आरोप और धमकियों से परेशान होकर जान देने जा रहा हूं।

इसके बाद परिजन सकते में आ गए, उन्होंने मिलकर युवक को ढूंढना शुरू किया। काफी देर तक ढूंढने के बाद भी वह कहीं नहीं मिला। शाम को युवक का शव गांव के ही एक टांके में पड़ा मिला। इसके बाद युवक के पिता ने गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति और उसके बेटों पर सुसाइड के लिए उकसाने की इर्ं दर्ज करवा दी। मामला बीकानेर के महाजन थाना इलाके के फुलेजी गांव का है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2026/5101 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 15-1-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 56/54 के किला नं. 15 में भूखण्ड संख्या का मीप 30'-0''गुणा 50'-0''फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती अमरजीत कौर पत्नी श्री जीएस सेनी एवं श्रीमती प्रकाश कौर पत्नी श्री हरदीप सिंह निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती अमरजीत कौर पत्नी श्री जीएस सेनी एवं श्रीमती प्रकाश कौर पत्नी श्री हरदीप सिंह निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 56/54 के किला नं. 15 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0''गुणा 50'-0''फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2026/5102 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 15-1-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 1 के किला नं. 15 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0''गुणा 50'-0''फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री मोहन लाल, निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री मोहन लाल, निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 1 के किला नं. 15 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0''गुणा 50'-0''फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2026/5103 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 15-1-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 1 के किला नं. 16 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0''गुणा 50'-0''फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री मोहन लाल पुत्र श्री चेतन राम, निवासी 32 एफ आराथन, श्रीकरणपुर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री मोहन लाल पुत्र श्री चेतन राम, निवासी 32 एफ आराथन, श्रीकरणपुर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 1 के किला नं. 16 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0''गुणा 50'-0''फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

बीकानेर में युवा रोजगार मेला आज

बीकानेर, । बीकानेर में युवाओं के लिए रोजगार के बेहतर अवसर सृजित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) बीकानेर द्वारा 'नाइलिट बीकानेर युवा रोजगार मेला' का आयोजन किया जा रहा है।

यह मेला 16 जनवरी को राम रंगमंच, राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर में सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा। यह बीकानेर में नाइलिट द्वारा आयोजित पहला बड़ा युवा रोजगार मेला होगा।

मेले में आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा, वित्त, बीमा, रिटेल, ई-कॉमर्स एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियां सीधे भाग लेंगी।

युवा प्रतिभागी कंपनियों के प्रतिनिधियों से प्रत्यक्ष मुलाकात कर सकेंगे, साक्षात्कार दे सकेंगे तथा तत्काल नियुक्ति के अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

रोजगार मेले में प्रभावी भागीदारी के लिए उम्मीदवारों का पूर्व पंजीकरण अनिवार्य है। पंजीकरण न करने वाले अभ्यथिय्यों को प्रवेश में कठिनाई हो सकती है।

राजकीय डूंगर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर. के. पुरोहित ने कहा कि 'महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के माध्यम से इस प्रकार का इतना बड़ा और बहुआयामी रोजगार मेला आयोजित होना कॉलेज के लिए गर्व का विषय है।

यह आयोजन विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ रोजगार से सीधे जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, जिससे स्थानीय युवाओं को बड़े अवसर प्राप्त होंगे।'

महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल प्रभारी प्रो. देवेश खंडेलवाल ने बताया कि 'यह रोजगार मेला विद्यार्थियों और उद्योगों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी